समाचार

वार्ड क्र. 32 डिंगापुर में जनसंपर्क भ्रमण पर पहुंचे महापौर

(महापौर मद से चबूतरा निर्माण कार्य प्रारंभ करने के दिए निर्देश, बस्तीवासियों ने सामुदायिक भवन निर्माण का किया आग्रह)

कोरबा 21 फरवरी 2023 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज निगम के वार्ड क्र. 32 डिंगापुर बस्ती में जनसंपर्क भ्रमण किया, वहॉ के निवासियों से भेंट की, उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं को जाना तथा महापौर मद से बस्ती में निर्मित होने जा रहे दो चबूतरों के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर बस्तीवासियों ने राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विधायक मद से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का आग्रह भी किया।

महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 32 डिंगापुर बस्ती विस्तार बस्ती में अधिकारियों के साथ पहुंचकर वहॉ के नागरिकों से भेंट मुलाकात की, उनकी समस्याओं व विकास संबंधी आवश्यकताओं पर चर्चा की। बस्तीवासियों ने महापौर श्री प्रसाद को बताया कि बस्ती में कोई सामुदायिक भवन न होने के कारण वे अपने सार्वजनिक, सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन सुचारू रूप से नहीं कर पाते तथा एक सार्वजनिक भवन न होने की समस्या बरकरार है, उन्होने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विधायक मद से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण कराए जाने का आग्रह भी किया। महापौर श्री प्रसाद ने बस्तीवासियों द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण हेतु बताए गए स्थल का अवलोकन किया तथा बस्तीवासियों की भावनाओं एवं उनकी इस आवश्यकता की जानकारी राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के समक्ष प्रस्तुत करने व सर्वसुविधायुक्त सार्वजनिक भवन निर्माण किए जाने की बात कही। वार्ड क्र. 32 डिंगापुर बस्ती विस्तार इसी वार्ड में संस्कार भारती के पास आदि स्थलों पर महापौर मद से पांच–पांच लाख रूपये की लागत से 02 चबूतरों का निर्माण किया जाना हैं, महापौर श्री प्रसाद ने चबूतरों के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर भ्रमण के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने बस्ती की

पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, साफ–सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

मेयर इन काउंसिल सदस्य पालूराम साहू, आनंद पालीवाल, उप अभियंता विनोद गोंड़, पासकल खेस, जुनास खलखो, कोरनेलियुस तिग्गा, सिलवेस्तर खेस, अविदान केरकट्टा, हेलेना टोप्पो, रेबिना तिग्गा, नीलिमा खेस, शांति कुजूर, बेर्था खलखो, तरसीला खलखो, मोनिका मिंज, माग्रेट तिर्की, पुष्पा टोप्पो, पुष्पा मिंज, प्रतिमा केरकेट्टा, अलमा, मेरी खेस, लालकुमारी तिर्की, मइकल मिंज, ईश्वरदास कुजूर, सुमीत पन्ना, अनिल तिग्गा, प्रिया पटेल, बसंत रात्रे, पार्वती रात्रे, कला बाई, अरविंद बेक, किरण लता, सचिन, डेरिक, जोनी, राजन, सुनीता, कल्पना, सुमन, रोहित ईशिता, अजय, विपिन, साधना आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।